GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR

PROGRAM- **SWACHCHHTA PAKHWADA**

EVENT- SCREENING OF SHORT FILMS

DATE- 11 SEPTEMBER 2018

TIME- 3pm to 4pm

VENUE- E-Class Room, UTD

REPORT

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत यूटीडी (Classroom-26) में स्वच्छता अभियान पर आधारित शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। फिल्म प्रदर्शन का उद्देश्य- विद्यार्थियों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना। भारत सरकार की चयनित 4 फिल्में दिखाई गईं। कला संकाय डीन प्रो. मनीष श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

पहली फिल्म वानिकी विभाग की छात्रा आकृति ताम्रकार की थी, जो रानीगांव स्थित हाईस्कूल में चलाए गए स्वच्छता अभियान पर आधारित थी। इसके बाद नेशनल डेवलपमेंट फिल्म कार्पोरेशन, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो और लॉस एंजेल्स सीने-फेस्ट में चयनित फिल्मों- मुर्गा, मुंगफल्लियां, तो कब.. दिखाया गया। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते कला संकायाध्यक्ष प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने कहा- लोगों को हम अपने घर, गांव, देश को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करते है, जब कोई मुहीम चलाना होता है एक नारे के साथ सभी लोग आपस में जुड़ते हैं, फिर यही मुहीम एक बहुत बड़े बदलाव का कारण भी बनता है। स्वच्छता पखवाड़ा के माध्यम से हम विश्वविद्यालय और शहर को स्वच्छ रखने में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सहभागिता चाहते हैं, ताकि हम सफाई का महत्व समझें, स्वस्थ वातावरण में जीयें। इस दौरान विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों- पुनाराम साहू, आशीष पांडेय, करोकी रानी, विशाल प्रताप सिंह, एन. चौबे, अन्वेषिका मिश्रा, हर्षित दूबे ने स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने साफ-स्वच्छ रहने का संकल्प लिया। गणित, अंग्रेजी, पत्रकारिता और इतिहास विभाग से कुल 69 विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस फिल्म प्रदर्शन कार्यक्रम में डॉ के एन वी वी वी प्रसाद ने बतौर समन्वयक विद्यार्थियों को अभियान से जुड़ने को कहा। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनुराग चौहान ने प्रेरणादायी कहानियां बताते हुए इसे बड़े अभियान के रूप में देखे जाने की बात कही। गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार गुप्ता ने मन की स्वच्छता से वातावरण की स्वच्छता को जोड़ा। पत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक योगेश वैष्णव ने स्वच्छता के साथ सुंदरता और आकर्षण को भी अपनाने कहा।

Dr. Koti N V V Vara Prasad
Swachchhata Programme
Co-ordinator

Prof. Manish Shrivastava
Dept. of English

GLOBUS